### एक नजर

#### समर्थन मूल्य 2700 खरीदी नहीं तो होगा आंदोलन

**सिवनी मालवा 04 फरवरी 2026,** सिवनी मालवा की बानापुरा कृषि उपज मंडी में भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम भगवान बलराम की पूजन की पश्चात किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और अनेक निर्णय लेते हुए आगामी कार्ययोजना बनाई गई। भारतीय किसान संघ पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 सो रुपए कुंटल की खरीदी की घोषणा नहीं की गई तो भारतीय किसान संघ आंदोलन करेगा। भारतीय किसान संघ द्वारा गांव गांव भरण कर किसानों से मिल रहे है और गांव में भारत माता की पूजन कर रहै है यह कार्यक्रम 10 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ संभागीय सदस्य गुलाब सिंह लौवंशी, शंकर सिंह पटेल, अलताप लौवंशी, रामेश्वर जाट, मंत्री सोनू राजपूत, राधाकृष्ण मालवीय, करण सिंह राजपूत, अभय गौर, श्याम यदुवंशी आदि उपस्थित थे।

#### श्री शुक्ला को पीएचडी की उपाधि

**इटारसी** विशाल कुमार शुक्ला, पुत्र स्व. श्री बद्री प्रसाद शुक्ला (शिक्षक), पुरानी इटारसी ने रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन के शिक्षा विभाग से सफलतापूर्वक अपनी पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध कार्य शीर्षक ए स्टडी ऑफ़ स्टूडेंट्स लर्निंग टुवर्ड्स सोशल साइंस इन सेकेंडरी स्कूल्स इन इटारसी सिटी में डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, शिक्षा विभाग, रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शुभचिंतकों, गुरुजनों एवं इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है।



# प्रशासन के गले की हड्डी बना नया बस स्टैंड

## अस्थायी बस स्टैंड ओवर ब्रिज पर बड़ी दुर्घटनाओं को न्यौता, पुलिस प्रशासन भी परेशान, बस से उतरते समय यात्री हो रहे हैं घायल

विशेष संवाददाता
नवभारत न्यूज



**इटारसी, 04 फरवरी** नये बस स्टेंड के स्थानांतरण होने के बाद आम जनता और वाहन मालिक तथा प्रशासन भी चौतरफा परेशान नजर आ रहे हैं. बस यात्रा करने वाले नागरिकों के सामने तीन किश्तों में बस स्टैंड पहुंचने की चुनौती बनी हुई है. जितना किराया नर्मदापुरम का नहीं लगता उससे तिगुना किराया इटारसी नये बस स्टेंड पर पहुंचने में देना पड रहा है. बताया जाता है कि यह जो बस स्टैंड को स्थानांतरित करने वाली योजना बिना सोचे समझे बनाई गई थी. पिछले दो बार भी प्रशासन ने अपने सारे जतन करने के बाद भी आम जनता को सुविधा उपलब्ध कराने के लिये पुराने बस स्टेंड पर बसों का आवागमन शुरू किया था, जिससे कि बस यात्रियों को राहत हुई थी. एक फरवरी से फिर प्रशासन ने अपनी हठधर्मिता को लेकर नये बस स्टैंड पर बसें रूकवाने का फैसला लिया था लेकिन वह फैसला प्रशासन के गले की हडडी बन गया. बस यात्री ब्रजमोहन सोलंकी ने बताया कि हमें हमारे गांव भीलाखेडी से 20 रूपये में इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंचना पडता है फिर 20 रूपये खर्च कर ओवर ब्रिज के उपर स्थित अघोषित अस्थायी बस स्टैंड पर पहुंचना पडता है. बाद में छत्रपति शिवाजी बस स्टेंड पुरानी इटारसी पहुंचने के लिये 30 रूपये खर्च करने पडते हैं. ग्राम सनखेडा का बस का किराया इटारसी से 10 रू लगता था लेकिन अब हमें बस स्टेंड पहुंचने के लिये 40 रूपए देने पडते है. ग्राम मरोडा के किसान राजेश ने बताया कि मरोडा जाने के लिये हमें पहले इटारसी से 30 रूपये में पहुंच जाते थे लेकिन अब हमें इटारसी पहुंचने के लिये 60 रूपए खर्च करने पड रहे हैं. 60 रूपए में हमारा आना जाना हो जाता था लेकिन अब हमें बस से यात्रा करने में. 200 रूपए लगने लगे हैं,

### अस्थायी बस स्टैंड पर बनती है जाम की स्थिति और दुर्घटनाओं को दे रहा है न्यौता

ओव्हर ब्रिज के उपर भोपाल से आने वाली बसें और नागपुर बैतूल से आने वाली बसें अस्थायी तौर पर ओव्हर ब्रिज के उपर रूकती है, बस के रूकते ही यात्री जल्दबाजी में अपना सामान सिर पर रखकर उतरते हैं वे नहीं देखते हैं कि आगे पीछे से कोई अन्य वाहन भी आ रहे हैं इसके साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को लेने के लिये लोग ओव्हर ब्रिज के उपर आकर खडे हो जाते हैं जैसे ही बस आती है वाहन सहित बस के गेट पर खडे होकर अपने परिवार जनों को अपने वाहन पर बिठाकर घर की ओर चलने लगते हैं वे यह ध्यान नहीं देते हैं कि सामने से या पीछे से कोई अन्य वाहन चला आ रहा है.

ऐसे में आये दिन घटनाएं घट रही हैं और यात्री घायल हो रहे हैं. राजकुमार दुबे ने बताया कि प्रशासन को जल्दी ही कोई ठोस कदम उठाना चाहिए जिससे कि बस यात्रियों को सुरक्षित यात्रा हो सके. नहीं तो ओव्हर ब्रिज के उपर आने वाले दिनों में बडी घटना घट सकती है.

## देर रात स्लीपर बसों की हुई सघन चैकिंग

**नर्मदापुरम/04,फरवरी,2026** / सड़क सुरक्षा और यात्री हितों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) नर्मदापुरम श्रीमती रिंकू शर्मा द्वारा मंगलवार रात्रि में स्लीपर बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न मार्गों पर चल रही बसों की दस्तावेज़ी और भौतिक जांच की गई। जांच के दौरान एक स्लीपर बस में पंजीयन कार्ड में दर्ज विवरण और वाहन के वास्तविक स्वरूप में विसंगति पाई गई। भौतिक परीक्षण में वाहन की बैठक क्षमता तथा स्लीपर व्यवस्था पंजीयन अभिलेखों से भिन्न पाई गई, जो मोटरयान नियमों का उल्लंघन है। उक्त गंभीर अनियमितता को देखते हुए मोटरयान अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत वाहन की फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई। साथ ही मूल पंजीयन अधिकारी, को वाहन पोर्टल के माध्यम से फिटनेस निरस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की.

## अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजन आज

नवभारत न्यूज



**इटारसी** रामपुर के स्कूल मैदान में अखिल भारतीय वॉलीबॉल महाकुंभ विधायक कप टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार, 5 फरवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में देशभर की 12 नामचीन वॉलीबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें हरियाणा, मुंबई, चंडीगढ़, भोपाल, जबलपुर सहित विभिन्न राज्यों की टीमें शामिल हैं। शनिवार को खेले गए मुकाबलों में कुल 6 मैच हुए। इनमें देहरादून और पुणे के बीच हुए मैच में पुणे ने 2-1 से जीत दर्ज की। इसी तरह, जबलपुर ने हरियाणा को 2-0 से हराया, जबकि मुंबई की टीम ने ग्वालियर को 2-0 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में प्रदेश के राज्य परिवहन मंत्री एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह के विशेष रूप से मौजूद रहने की संभावना है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, भगवती चौरे, रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा के ग्राम खेड़ी सोमलवाड़ा में विशाल संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भोपाल से पधारे कथा वाचक पंडित विद्याभूषण शास्त्री के द्वारा कथा अमृत पान कराया जा रहस है। कथा 07 फरवरी तक होगी। कथा प्रतिदिन 1 बजे से 4 तक चल रही है। कथा वाचक पंडित विद्याभूषण शास्त्री ने भक्ति नारद संवाद और धुंधकारी मोक्ष का प्रसंग श्रवण कराया। कथा श्रवण करने के लाभ एवं मोक्षदायनी श्रीमद् भागवत की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से भक्ति ज्ञान वैराग्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है

## पूर्व न्यायाधीश गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित

नवभारत न्यूज



**नर्मदापुरम, 04 फरवरी** आज नर्मदापुरम जिला अधिवक्ता संघ सभागार में दोपहर 2ः00 बजे योगेश गुप्ता पूर्व न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नर्मदापुरम में काफी समय रहे थे।वे काफी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। जिनका कल भोपाल में दुखद निधन हो गया था। एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप भदोरिया,अधिवक्ता स्वाति प्रशांत निशांत के पूजनीय पिताश्री। एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामसेवक यादव के पूजनीय पिताश्री बी एल यादव समाजसेवी सेवानिवृत शिक्षक,80 वर्ष की आयु में निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान आपका भी निधन हो गया था। संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि आप सभी की श्रद्धांजलि सभा में संघ अध्यक्ष दीपक जैन वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर,बसंत चौहान, सुबोध तिवारी,के के जराठे, विनोद दीवान,रमेश परिहार,एस एस पटेल,मोरसिंह चौहान,रामराज सिंह ठाकुर,आर एस यादव, सुभाष परसाई,के के थापक प्रशांत तिवारी,मो जाहिद, प्रदीप चौबे,राकेश फौजदार, विजया कदम,कुसुम तोमर, मालती वर्मा आदि थे.

## तैंतीस वर्षों बाद हॉकी फायनल में पहुंची सोहागपुर टीम

नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 04 फरवरी** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता (2026 श्रृंखला) के 61वें वर्ष में खेला गया पांचवां दिन हॉकी प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक बन गया। खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में मंडीदीप और मेज़बान सोहागपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल- मंडीदीप की सधी हुई जीत. पहले सेमीफाइनल में मंडीदीप और इटारसी की टीमें आमने-सामने रहीं। मुकाबले की शुरुआत से ही मंडीदीप ने संतुलित आक्रमण और मजबूत रक्षापंक्ति के दम पर मैच पर पकड़ बना ली। तेज पासिंग और सटीक फिनिश का प्रदर्शन करते हुए मंडीदीप ने इटारसी को 3-1 से पराजित कर फाइनल का टिकट पक्का किया। पूरे मुकाबले में मंडीदीप का खेल पूरी तरह नियंत्रण में रहा।

**दूसरा सेमीफाइनल सोहागपुर ने रचा इतिहास -** दूसरे सेमीफाइनल में उज्जैन और मेज़बान सोहागपुर के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद निर्णय ट्राई ब्रेकर से हुआ। ट्राई ब्रेकर में सोहागपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन को 3 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। यह जीत सोहागपुर हॉकी इतिहास के स्वर्णिम पलों में दर्ज हो गई। वर्ष 1993 में इंदौर पुलिस को हराकर फाइनल जीतने वाली सोहागपुर टीम ने 33 वर्षों बाद एक बार फिर फाइनल में पहुंचकर नई इबारत लिखी।

**फाइनल को लेकर उत्साह चरम पर -** अब प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला सोहागपुर बनाम मंडीदीप के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में रही हैं, ऐसे में दर्शकों को एक हाई-वोल्टेज और रोमांचक फाइनल की पूरी उम्मीद है.

## मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण संपन्न

**नर्मदापुरम** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला प्रशिक्षण केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों को जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य प्रभावों से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण में सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को जलवायु-संवेदनशील बीमारियों की निगरानी, प्रबंधन और जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। डॉ सृजन सेंगर ने मानसिक स्वास्थ्य, डॉ मिलन सोनी ने आर एस चौहान ने एकीकृत निगरानी रोग पर प्रशिक्षण दिया।

## आरटीओ ने स्कूली वाहनों की जांच कर चालानी कार्रवाई की

नवभारत न्यूज



**नर्मदापुरम/04,फरवरी,2026** / क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) नर्मदापुरम श्रीमती रिंकु शर्मा द्वारा बुधवार को सोहागपुर क्षेत्र में बिना लाइसेंस स्कूली छात्रों द्वारा वाहन चलाने संबंधी प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु सेंट पैट्रिक स्कूल, सोहागपुर में विशेष जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरटीओ ने स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस तथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों से आने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल परिसर में वाहन खड़ा करने की अनुमति न दी जाए। साथ ही मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 199 के अंतर्गत किशोरों द्वारा किए गए मोटर यान संबंधी अपराधों के लिए अभिभावकों को उत्तरदायी मानने के प्रावधान की जानकारी पालकों तक पहुंचाने तथा ऐसे मामलों में अभिभावकों से शपथ पत्र (एफिडेविट) लेने के निर्देश भी दिए गए। कार्यवाही के दौरान स्कूल परिसर में खड़ी एक बस सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, जिस पर वाहन की फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त की गई। इसके अतिरिक्त लंबे समय से बिना परमिट, बिना बीमा और बिना फिटनेस संचालित दो स्कूली वाहनों के विरुद्ध कुल 22 हज़ार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसी दौरान स्कूल परिसर में खड़ा एक अपंजीकृत दोपहिया वाहन भी पाया गया, जिस पर 2 हज़ार रुपए का चालान किया गया। आरटीओ श्रीमती रिंकु शर्मा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने की अनुमति न दें। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रण है.

## भाजपा मंडल की विस्तृत कार्यशाला हुई संपन्न

**सोहागपुर** भारतीय जनता पार्टी मंडल सोहागपुर द्वारा VB-GRAMG योजना के अंतर्गत एक विस्तृत एवं महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन विधायक निवास, सोहागपुर में किया गया, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना तथा आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना रहा। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष श्री मुकेश सराठे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

## कैंसर पीड़ित के लिये श्री चौहान ने बढ़ाया मदद का हाथ

नवभारत न्यूज



**इटारसी, 04 फरवरी** जब आस्था के साथ संवेदना जुड़ जाए, तब धर्म सच्चे अर्थों में जीवित हो उठता है। पशुपतिनाथ धाम मंदिर समिति अध्यक्ष मेहरबान सिंह चौहान ने ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया, जब उन्होंने शिवरात्रि महोत्सव की भव्य तैयारियों के बीच एक कैंसर पीड़ित के दर्द को प्राथमिकता दी।शिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए विशाल शिवलिंग निर्माण की तैयारियाँ चल रही थीं। उसी समय सामाजिक बंधु नरेश चौहान एक कैंसर पीड़ित को लेकर मंदिर पहुंचे। पीड़ित की लाचार आंखें और इलाज की चिंता ने सभी को भीतर तक झकझोर दिया। उस क्षण मेहरबान सिंह चौहान ने बिना किसी देरी के निर्णय लिया कि शिवलिंग बाद में बनेगा, लेकिन पीड़ित की मदद अभी की जाएगी। उन्होंने झांकी के लिए निर्धारित पूरी राशि कैंसर पीड़ित को इलाज के लिए सौंप दी और भावुक स्वर में कहा- धार्मिक आयोजन हम अवश्य करेंगे, लेकिन सबसे पहले मानव सेवा है। यही भोलेनाथ की सच्ची पूजा है। मंदिर परिसर में भगवान पशुपतिनाथ से पीड़ित के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। साथ ही समाज के सभी संवेदनशील लोगों और जिलेवासियों से क्यूआर कोड और मोबाइल नंबर के माध्यम से मदद की अपील की गई.

## समस्याओं को लेकर पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

**हरदा।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर बुधवार को हरदा मे पटवारियो ने अपनी मांगो को लेकर उपप्रांताध्यक्ष राजीव जैन एवं जिलाध्यक्ष अनुराग करोलिया के नेतृत्व मे संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को प्रमुख सचिव राजस्व ओर आयुक्त भू-अभिलेख के नाम ज्ञापन सौपकर अपनी मांगो और समस्याओ के निराकरण की मांग की गई। पटवारी संघ का कहना है कि सरकारी एप रियल टाइम डाटा से अपडेट नहीं है, संशाधनों का अभाव है पटवारियों को मोबाइल नहीं दिये गये है।

## ग्राम बघवाडा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 04 फरवरी** सिवनी मालवा शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बघवाड़ा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी, योग एवं ध्यान, परियोजना कार्य जिसमें स्वच्छता अभियान, जनजागरुकता रैली, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति अभियान इत्यादि चलाए गए, प्रति दिवस बौद्धिक सत्रों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने ग्राम में नशा मुक्ति पर रैली तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नृत्य तथा गीत का भी प्रदर्शन कि स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित हुए अतिथियों ने स्वयं सेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामनाएं की.

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**हरदा** प्रधान जिला एवं न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ए.डी.आर. भवन में न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण आदि के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन होते रहना चाहिए.

**महाशिवरात्रि मेला** | संपूर्ण मेला क्षेत्र 13 सेक्टर में विभाजित किया गया, अधिकारियों को किया तैनात

# शिव भक्तों के लिये तैयार हुई सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/04,फरवरी,2026** / मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 6 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय आस्था महोत्सव महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मेले में सुरक्षा स्वच्छता परिवहन जलापूर्ति आवागमन एवं स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर रूप से भ्रमण कर मेले के सफल आयोजन के लोई निरीक्षण किया जा रहा है। इस वर्ष मेले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है जिससे मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं। मुख्य रूप से महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर भूत भावन भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने चौरागढ़ मंदिर जाते हैं। इस वर्ष भी लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पचमढ़ी पहुंचने का अनुमान है जिसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। 13 सेक्टर में विभाजित रहेगा पूरा मेला क्षेत्र, समस्त सेक्टरों में लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी. संपूर्ण मेला क्षेत्र 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का कार्य क्षेत्र निर्धारित कर सेक्टर अधिकारी के रूप में अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो अपने-अपने सेक्टर में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे एवं मेले के सुचारू संचालन में आवश्यक व्यवस्थाओं पर निगरानी रखेंगे। अधिक व्हील बेस वाले वाहनों को किया गया प्रतिबंधित, विभिन्न स्थानों पर तैयार को गई अस्थाई पार्किंग सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अधिक व्हील बेस वाले वाहनों को किया प्रतिबंधित.

## अरविंद रघुवंशी ब्लैक कैट कमांडो में चयनित

**पिपरिया** आर्मी में जेसीओ अरविंद कुमार रघुवंशी निवासी भैरोपुर एनएसजी ब्लैक कैट कमांडो में चयनित होकर पिपरिया आगमन पर पिपरिया के अनेको संगठनो ने सिलारी चौराहे पर स्वागत कर नगर में जुलूस की शक्ल में निकाल बधाईयां दी। एनएसजी नेशनल सिक्योरिटी गार्ड जिन्हे ब्लैक कैट कमांडो के नाम से जाना जाता है जो कि भारत का एक विशेष आतंकवाद विरोधी बल हैजिसकी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत जेसीओ अरविंद कुमार का चयन हुआ है। गृहनगर पिपरिया आगमन पर अरविंद कुमार पिता स्व.डॉ. काशीप्रसाद रघुवंशी निवासी भैरोपुर का सिलारी चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया।

## जिला अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस पर 212 लोगों की स्क्रीनिंग हुई

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/04,फरवरी,2026** / जिला अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस पर 212 लोगों की स्क्रीनिंग हुई, जिसमें ओरल कैंसर का 1 मरीज और सर्विक्स कैंसर की 2 महिलाएं संभावित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत और सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहा कि कैंसर से डरने की नहीं, समय पर जांच कराने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि तंबाकू और नशीले पदार्थों से दूरी, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर जांच में देर न करें, नियमित स्क्रीनिंग कराएं और दूसरों को भी जागरूक करें। विश्व कैंसर दिवस ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थाओं में भी आयोजित हुआ, जिसमें आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ द्वारा ग्रामीणों को कैंसर के कारण, लक्षणों और उपचार हेतु जागरूक किया गया। शिविर की व्यवस्था जिला कैंसर नोडल डॉ. उदित भट्ट ने की तथा हितग्राहियों की जांच डॉ सतीश तिवारी, आरएमओ डॉ गजेंद्र यादव , डॉ शैलेन्द्र साहू चिकित्सा विशेषज्ञ अधिकारी, स्पोर्ट स्टॉफ ने की।